तापमान

अधिकतम 29.2 डिग्री

न्यूनतम 25.6 डिग्री

हरिभूमि

महासमुंद भूमि

रायपुर, बुधवार 29 अक्टूबर 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

14 शतरंज सही समय पर सही निर्णय लेना सिखाता ...

14 वोट चोर-गद्दी छोड़ अभियान, हर वोट की कद्र जरूरी...

खबर संक्षेप

शराब जब्त, आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई

महासमुंद। ग्राम बलौदा में पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी बाबाजी राणा पिता महादेव राणा (72 साल) निवासी बलौदा के कब्जे से देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब 03 लीटर कीमत 600 रूपये को जब्त किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

पत्नी के साथ मारपीट

महासमुंद। ग्राम टेका में महिला से मारपीट के मामले में आरोपी पति के विरूद्ध कोमाखान थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को देवकी बाई पति बलमत गोंड ने बताया कि 26 अक्टूबर की रात को करीब 10 बजे देवर तुलसी एवं उसकी पत्नी के बीच विवाद हो रहा था, जिन्हें उसका पति बलमत समझाने का प्रयास कर रहा था, जिस पर उसने अपने पति बलमत से कहा कि दूसरे के झगड़े में मत पड़ो। ऐसा कहने पर बलमत गोंड ने प्रार्थिया से गाली गलौज कर बांस के डंडे से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोपी पति के विरूद्ध धारा 296,115(2), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

तेंदूलोथा में धर्मांतरण को लेकर विवाद

महासमुंद। बागबाहरा विकासखंड के तेंदूलोथा गांव में धर्मांतरण को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि एक विशेष समुदाय की कुछ महिलाओं द्वारा इलाज के नाम पर झाड़-फूंक और अन्य धार्मिक प्रक्रिया की जा रही थी। इसी दौरान एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई, जिसके बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि मामले की गंभीरता के बावजूद अब तक प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया में सामने आया है, जिसे स्थानीय नागरिकों ने साझा किया है। मामले की सूचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई, जिसके बाद 112 की टीम मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी गई। फिलहाल पुलिस ने प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। इस बीच, सामाजिक संगठनों और विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की है।

छठ पर्वः उगते सूर्य को अर्घ्य देकर की सुख, समद्धि की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

चार दिवसीय छठ महापर्व के आखिरी दिन आज शहर के महामाया तालाब पर 36 घंटे की व्रती महिलाओं ने उगते सूर्य को अर्घ्य दिया और छठी मैया की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कर व्रत का पारण किया। इस दौरान बड़ी संख्या में व्रती महिलाएं यहां पहुंची और सूर्य को अर्घ्य देकर सुख, समद्धि की कामना की। भगवान सूर्य और छठी मैया को समर्पित छठ पर्व का चौथा और आखिरी दिन ऊषा अर्घ्य के रूप में मनाया जाता है। छठ पूजा के चौथे दिन उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। बता दें कि छठ पूजा की शुरूआत नहाय-खाय के साथ होती है। इस दिन स्नान के साथ सूर्य देवता को साक्षी मानकर व्रती महिलाएं व्रत का संकल्प लेती हैं। बाद चने की सब्जी, चावल और साग ग्रहण करने के बाद व्रत की शुरूआत होती है। छठ पूजा के दूसरे दिन खरना होता है। इस दिन महिलाएं व्रत करती हैं। शाम को इस दिन गुड़ की खीर बनाई जाती है और सबसे खास बात यह कि इस खीर को मिट्टी के चूल्हे पर बनाने की परंपरा है और उसी के साथ 36 घंटे का कठिन व्रत शुरू होता है। आज सुबह शहर के महामाया तालाब घाट सहित अन्य जगहों पर बने छठ घाटों पर बड़ी संख्या में व्रती महिलाएं पहुंचीं। ब्रह्ममुहूर्त में स्नान कर सूर्य उदय से पहले ही अर्घ्य देने का सिलसिला प्रारंभ हुआ। घाट के किनारे आतिशबाजी की गई। अर्घ्य देने के बाद महिलाएं ठेकुआ का प्रसाद ग्रहण कर निर्जला व्रत का पारणा किया। इससे पहले सोमवार को अस्तांचल होते सूर्य को अर्घ्य देती महिलाओं के चेहरे भक्तिभाव से चमक उठे। शाम होते ही श्रद्धालु परिजनों के साथ पूजा की सामग्री लेकर बेदी पर पूजा का सामान रखकर व्रती महिलाओं ने पूजा शुरू की। सूर्य को अर्घ्य के लिए प्रसाद सूप में रखकर दीपक जलाया और सूर्य अस्त होने से पहले ही महिलाएं पानी में खड़ी हो गईं। वहीं सूर्य के अस्त होते ही सूर्यदेव को अर्घ्य दिया और परिवार में सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान श्रद्धालु 'हे छठी मइया हर लीं बलैया', 'कांच ही बांस के बहंगिया बहंगी लचकत जाए', 'रिमिक झिमिक बोलेलीं छठी मइया' आदि छठ गीत गाते हुए छठ पर्व पर डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया।

विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कर किया व्रत का पारण

अलौकिक दृश्य और भक्तिमय माहौल

सुबह तड़के ही छठ घाटों पर व्रतियों और उनके परिजनों की भीड़ उमड़ पड़ी। व्रती महिलाएं अपने सिर पर पूजन सामग्री से भरी टोकरियां लिए हुए मधुर छठ गीत गाते हुए घाटों की ओर बढ़ी। महामाया तालाब का तट दीयों और रंग-बिरंगी रोशनी से जगमग कर रहा था। छठी मैया के भजन और गीतों से गूंजते घाटों पर जैसे ही सूर्योदय का समय हुआ, एक अलौकिक और मनमोहक दृश्य उपस्थित हो गया।

सूर्योदय के साथ अंतिम अर्घ्य

छठ व्रती महिलाएं कमर तक पानी में खड़ी होकर सूर्य देव के उदय होने की प्रतीक्षा कर रही थीं। ठीक सूर्योदय के समय, जैसे ही क्षितिज पर सूर्य की पहली किरणें दिखाई दीं, व्रतियों ने हाथ जोड़कर भगवान सूर्य को दूध और जल का अर्घ्य दिया। इसके साथ ही उन्होंने संतान की दीर्घायु, परिवार की सुख-समृद्धि और आरोग्य की कामना की। अर्घ्य देने के बाद, घाट जय छठी मैया और जय सूर्य देव के जयकारों से गूंज उठा।

घटना: जिला मुख्यालय से लगे ग्राम पतेरापाली की घटना, जांच जुटी पुलिस

चोरी के शक में अधेड़ को पीट-पीटकर मार डाला, आरोपीगण गिरफ्त से बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम

- ग्रामीणों की एकजुटता कानून व्यवस्था पर सवालिया निशान एक दूसरे को बचाने कोई कुछ बोलने को तैयार नही

पतेरापाली में ग्रामीणों ने चोरी के संदेह में एक युवक को पीट-पीट कर मार डाला। मृतक की पहचान बागबाहरा विकासखंड के ग्राम मोहबा निवासी 50 वर्षीय कौशल सहिस के रूप में हुई है, जिसका शव रविवार सुबह पतेरापाली गांव के मुक्तिधाम के पास पाया गया। घटना शनिवार सुबह करीब 10 बजे की है।

सूत्रों के अनुसार, कुछ ग्रामीणों ने कौशल सहिस को रेलवे पटरी के पास केबल जलाकर तांबे का तार निकालते हुए देखा। यह देख ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उसे पकड़ा और कानून को हाथ में लेते हुए कौशल के हाथ बांधकर उसे गांव लाया। ग्रामीणों की भीड़ ने गांव के महावीर चौक के पास उसकी बेरहमी से पिटाई की। बताया गया है कि गांव में पिछले कुछ दिनों से पोल्ट्री फार्म और अन्य जगहों पर तार चोरी की घटनाएं हो रही थीं, और ग्रामीणों को कौशल पर शक था। इसी संदेह के आधार पर भीड़ ने सारी हदें पार करते हुए उसे मार डाला। वारदात के अगले दिन, यानी रविवार की सुबह, कौशल का शव गांव से लगभग 500 मीटर दूर मुक्तिधाम के पास मिला।

एडिशनल एसपी प्रतिभा पांडेय ने कहा है कि शव की शिनाख्त हो चुकी है और फॉरेंसिक टीम ने निरीक्षण किया है। उन्होंने कहा कि परिजनों से पूछताछ में जो भी जानकारी निकलकर आएगी, उसके बाद ही आगे की विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। अन्य सबूत भी जुटाए जा रहे हैं।

सरपंच और ग्रामीणों ने छिपाई जानकारी

शनिवार को घटित घटना के बावजूद सरपंच, कोटवार समेत ग्रामीणों ने पुलिस को घटना की कोई जानकारी नहीं दी। कोतवाली प्रभारी शरद दुबे जब मौके पर पहुंचे और उन्होंने सरपंच हेमंत चंद्राकर से घटना के संबंध में पूछा, तो सरपंच ने किसी भी प्रकार की जानकारी होने से साफ इनकार कर दिया। ग्रामीण भी खामोशी साधे रहे। इस चुप्पी ने पुलिस जांच में एक बड़ी बाधा खड़ी कर दी है।

पुलिस के हाथ खाली कार्रवाई का आश्वासन

गौर करने वाली बात यह है कि यह घटना चार दिन पहले की है, और पुलिस को अब तक सबूत के तौर पर कुछ भी हाथ नहीं लगा है। मामले में ग्रामीण एकजुट होकर आरोपियों को बचाने का प्रयास करते नजर आ रहे हैं।

पुलिस और फॉरेंसिक टीम की जांच

शव मिलने की सूचना पर सिटी कोतवाली पुलिस और फॉरेंसिक टीम तत्काल मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जांच में शरीर पर चोट के निशान और अंदरूनी चोट से मौत की संभावना जताई गई। कोतवाली प्रभारी शरद दुबे के साथ पहुंची फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल और शव का बारीकी से मुआयना किया। फॉरेंसिक टीम को मृतक की शर्ट में घसीटने और फुलपेंट पर मिट्टी के निशान मिले, साथ ही उसके हाथ पर संघर्ष के निशान पाए गए। मृतक के सिर के नीचे मिट्टी गीली थी और उसके मुंह में पानी भरा मिला, जिससे टीम ने आशंका जताई है कि शायद उसे बचाने की कोशिश में किसी ने पानी पिलाया होगा। इन सब निशानियों के आधार पर, फॉरेंसिक टीम ने स्पष्ट रूप से मारपीट से मौत होने का अंदेशा जताया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। इस मामले में दो डॉक्टरों की टीम ने पोस्टमार्टम किया है।

शराब बिक्री से त्रस्त जंघोरा की महिलाओं ने दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के बसना ब्लाक के ग्राम पंचायत जंघोरा में मुख्य मार्ग पर संचालित ढाबों पर 24 घंटे अवैध शराब बिक्री और पिलाने की मनमानी से तंग आकर ग्राम की महिलाओं ने प्रशासन को कड़ी चेतावनी दी है। महिलाओं ने एक शिकायती पत्र के माध्यम से मांग की है कि यदि जल्द ही अवैध शराब की बिक्री बंद नहीं की गई तो वे मजबूरन उग्र आंदोलन करेंगी। पत्र में ग्राम जंघोरा की महिलाओं ने उल्लेख किया है कि ग्राम जंघोरा के मुख्य मार्ग पर संचालित पीएस ढाबा और ग्राम की सीमा से लगे मुख्य मार्ग पर संचालित मंगवारी ढाबा में दिन-रात शराब की अवैध बिक्री हो रही है। इन ढाबों पर बैठकर शराब पीने की खुली छूट है, जिसके कारण गांव के पुरुषों को शराब आसानी से उपलब्ध हो जाती है और वे नशे के आदी हो रहे हैं। यह स्थिति पिछले लगभग 5-6 वर्षों से बनी हुई है।

महिलाओं ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा है कि इस अवैध शराब की बिक्री के कारण उन्हें और उनके छोटे बच्चों को प्रतिदिन घरेलू हिंसा का सामना करना पड़ रहा है। वे शारीरिक और मानसिक दोनों रूपों में प्रताड़ना झेल रही हैं। पुरुषों के शराब पीकर आने के कारण घरों में लगातार झगड़े और मारपीट हो रही है। इन ढाबों पर छोटे-छोटे नाबालिग बच्चों को भी शराब बेची जा रही है, जिससे किशोरों का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। शराब की लत के कारण परिवारों की आर्थिक स्थिति दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है।

अधिकारियों पर सांठगांठ का आरोप

शिकायती पत्र में महिलाओं ने प्रशासन के ढीले रवैये पर भी गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि मुख्य मार्ग पर होने के बावजूद भी अधिकारियों का ध्यान इन अवैध गतिविधियों पर नहीं जाता है, जो अधिकारियों की कथित संलिप्तता की ओर इशारा करता है। इतने वर्षों से खुलेआम चल रहे इस अवैध कारोबार पर कोई कार्रवाई न होना, उनकी मंशा पर संदेह पैदा करता है।

त्वरित कार्रवाई नहीं होने पर होगा उग्र आंदोलन

समस्त पीड़ित महिलाओं ने प्रशासन से करबद्ध निवेदन किया है कि वे इस गंभीर मामले पर त्वरित और उचित कार्रवाई करें और इन ढाबों पर शराब की अवैध बिक्री को तत्काल बंद करवाएं। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने उनकी मांग को अनसुना किया तो वे अपने परिवारों और भविष्य को बचाने के लिए मजबूरन उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगी।

किसान आंदोलित, एग्रीस्टेक पंजीयन में बाधा और ओलावृष्टि मुआवजे में देरी से रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला के बागबाहरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत खैरटखुर्द और भिलाईदादर के किसान इस समय गंभीर प्रशासनिक उदासीनता का सामना कर रहे हैं। एग्रीस्टेक पोर्टल पर बड़ी संख्या में किसानों का पंजीयन डेटा एक माह से अधिक समय से पेंडिंग है, जिससे उन्हें आगामी धान खरीदी और सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने में आशंका है। इसके अलावा, ओलावृष्टि से हुए फसल नुकसान का मुआवजा न मिलने से भी किसानों में गहरा रोष व्याप्त है।

किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। खैरटखुर्द और भिलाईदादर ग्राम पंचायतों के किसानों ने अपनी मुख्य समस्या एग्रीस्टेक पंजीयन को लेकर बताई है। किसानों के अनुसार, ग्राम खैरटखुर्द के 106 और भिलाईदादर के 112 किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन डेटा पेंडिंग बताया जा रहा है और किसी कारणवश स्वीकृत नहीं हो पाया है।

किसानों ने बताया कि इस समस्या के समाधान के लिए उन्होंने पटवारी, तहसील कार्यालय और एसडी.एम कार्यालय में बार-बार आवेदन दिए हैं, लेकिन एक माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद भी यह समस्या जस की तस बनी हुई है। एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन छत्तीसगढ़ में धान खरीदी और अन्य कृषि योजनाओं के लाभ के लिए अनिवार्य है। पंजीयन में हो रही इस देरी से किसान चिंतित हैं कि वे कहीं समर्थन मूल्य पर अपनी उपज बेचने से वंचित न रह जाएं। वर्तमान में, किसानों के लिए समर्थन मूल्य पर धान बेचने हेतु एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर तक बढ़ाई गई थी । चूंकि 218 किसानों का डेटा प्रशासनिक लापरवाही या तकनीकी कारणों से लंबित है, इसलिए किसानों का कहना है कि प्रशासन को तुरंत पंजीयन की समय-सीमा को आगे बढ़ाना चाहिए ताकि कोई भी किसान लाभ से वंचित न हो। जहां एक ओर सरकार किसानों को डिजिटल पहचान (एग्रीस्टेक) देने और उन्हें योजनाओं का लाभ पहुंचाने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर सैकड़ों किसान एक बुनियादी पंजीयन प्रक्रिया में ही फंसे हुए हैं।

ओलावृष्टि से हुए नुकसान के लिए मुआवजे की दरकार

पंजीयन की समस्या के साथ-साथ, किसानों ने अपनी दूसरी महत्वपूर्ण मांग पर भी जोर दिया है। ओलावृष्टि का मुआवजा उपलब्ध करवाया जाए। किसानों ने आवेदन के साथ मुआवजा की मांग की है। बेमौसम ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान ने किसानों की आर्थिक कमर तोड़ दी है। वे पहले ही प्राकृतिक आपदा का दंश झेल रहे हैं, और अब सरकारी मदद में हो रही देरी से उनकी मुश्किलें दोगुनी हो गई हैं। किसानों ने प्रशासन से शीघ्र सर्वे करवाकर और नियमानुसार राहत राशि जारी करने की मांग की है, ताकि वे अगली फसल की तैयारी कर सकें।

प्रशासन को चेतावनी

किसानों ने अपने सामूहिक निवेदन में स्पष्ट रूप से चेतावनी दी है कि यदि उपरोक्त समस्याओं का समय पर निराकरण नहीं किया गया तो किसान जनों को आंदोलन करने बाध्य होना पड़ेगा, जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी। किसानों के इस रुख से स्पष्ट है कि वे अब और अधिक इंतजार करने को तैयार नहीं हैं। एक माह से अधिक समय तक बार-बार आवेदन देने के बावजूद समस्या का समाधान न होने से किसानों में निराशा और आक्रोश है।

संभाग स्तरीय विज्ञान मेले में करेगी प्रदर्शन, जिला स्तरीय प्रदर्शनी में रहा प्रथम

पीएमश्री विद्यालय की छात्रा सृष्टि ने बनाया मल्टीपर्पज़ एआई रोबोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा (ग्रामीण)

तकनीकी युग में जहां इंसान की निर्भरता मशीनों पर बढ़ती जा रही है, वहीं पिथौरा की प्रतिभावान छात्रा सृष्टि यदु ने अपने कौशल और जिज्ञासा से ऐसा अभिनव कार्य किया है, जिसने क्षेत्र का गौरव बढ़ा दिया है। पीएमश्री विद्यालय पिथौरा की कक्षा 12वीं की छात्रा सृष्टि यदु ने अपने प्रभारी शिक्षक गौरव चंद्राकर के मार्गदर्शन में मल्टीपर्पज एआई रोबोट का निर्माण किया है।

यह रोबोट एक साथ कई कार्य करने में सक्षम है। वॉइस कंट्रोल सिस्टम से संचालित यह रोबोट मौसम की जानकारी, गैस लीकेज की चेतावनी, बीपी और ऑक्सीजन लेवल की जांच जैसी सुविधाओं के साथ छात्रों को गणित, अंग्रेजी और अन्य विषयों से संबंधित प्रश्नों के उत्तर भी देता है। इसके अलावा यह शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, यातायात और कृषि से जुड़े विभिन्न कार्यों के लिए भी उपयोगी साबित हो सकता है।

जिला स्तर पर प्रथम

इस एआई रोबोट को हाल ही में राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद रायपुर एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान मेले, महासमुंद में प्रदर्शित किया गया था। जहां इस प्रोजेक्ट ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अब सृष्टि यदु 30 अक्टूबर को संभाग स्तरीय विज्ञान मेला रायपुर में अपने इस प्रोजेक्ट का प्रदर्शन करेंगी। विज्ञान मेला के दौरान उपस्थित जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे ने कहा कि हमारे समय में आईआईटी स्तर पर भी इस तरह की रोबोटिक्स तकनीक नहीं थी,

लेकिन आज स्कूल स्तर पर ऐसे प्रयोग देखकर गर्व होता है। बच्चों और शिक्षकों ने मिलकर अद्भुत कार्य किया है, ऐसे बच्चे ही भविष्य में विज्ञान के क्षेत्र में बड़ी खोजें करेंगे। xसृष्टि यदु के साथ इस प्रोजेक्ट में विद्यालय के प्राचार्य एमडी प्रधान, व्याख्याता लखपति पटेल, मोनिका साहू एवं मार्गदर्शक गौरव चंद्राकर का महत्वपूर्ण योगदान रहा। गौरव चंद्राकर ने बताया कि रोबोट प्रोग्रामिंग सेंसर सिस्टम पर आधारित है, जो मोबाइल के ब्लूटूथ और एक विशेष ऐप से कनेक्ट होकर निर्देश प्राप्त करता है। कमांड मिलते ही यह रोबोट तय मार्ग पर चलता है और निर्धारित स्थान पर रुककर आवश्यक कार्य करता है।

गौरव चंद्राकर ने आगे बताया कि यह तो सिर्फ शुरुआत है। आने वाले समय में इस तकनीक को और मॉडिफाई कर ऐसे रोबोट तैयार किए जाएंगे, जो शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, कृषि और मौसम पूर्वानुमान जैसे क्षेत्रों में उपयोगी साबित होंगे। छात्रा सृष्टि ने बताया कि उन्होंने यह प्रोजेक्ट बनाने के लिए महीनों तक लगातार मेहनत की। स्कूल की प्रयोगशाला में सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपने शिक्षकों और मार्गदर्शक की मदद से रोबोट को तैयार किया। सृष्टि का कहना है कि शुरुआत में कई बार तकनीकी दिक्कतें आईं, लेकिन हर बार असफलता से सीखकर उन्होंने अपने मॉडल को और बेहतर बनाया। उनका लक्ष्य आगे चलकर इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में शोध करना है। पिथौरा जैसे छोटे कस्बे से निकलकर इस स्तर की तकनीक विकसित करने वाली सृष्टि यदु अब क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बन गई हैं।

विद्यालय के प्राचार्य एमडी प्रधान ने कहा कि हमारे विद्यालय के लिए यह गौरव का विषय है कि हमारी छात्रा राज्य स्तर तक पहुँची है। सृष्टि जैसी प्रतिभाशाली छात्राओं को देखकर यह विश्वास और मजबूत होता है कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी आधुनिक तकनीकी क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर सकते हैं।

जहरीली शराब सेवन से 3 मौत के बाद बलौदा पहुंची विधायक, पीड़ित परिवारों से की भेंट

सरायपाली (ग्रामीण)। बलौदा क्षेत्र में जहरीली शराब के सेवन से तीन लोगों की दर्दनाक मौत की सूचना मिलते ही सरायपाली विधानसभा क्षेत्र की विधायक चातुरी नंद मृतकों के परिजनों से भेंट करने बलौदा पहुंची। उन्होंने मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। विधायक चातुरी नंद ने कहा कि बलौदा सहित समूचे सरायपाली विधानसभा क्षेत्र में आबकारी और पुलिस विभाग के संरक्षण में धड़ल्ले से अवैध शराब की बिक्री गली मोहल्ले में हो रही है, जिसका परिणाम है कि बलौदा में चंद दिनों में ही 3 लोगों की मौत हो गई। विधायक नंद ने इस घटना को अत्यंत हृदयविदारक बताते हुए आबकारी और पुलिस प्रशासन की सुस्ती पर गहरा नाराजगी व्यक्त की है। विधायक ने आबकारी एवं पुलिस विभाग से अवैध शराब की बिक्री और निर्माण पर तत्काल प्रभाव से सख्त रोक लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अवैध रूप से बिक रही शराब के खिलाफ संघन अभियान चलाया जाए और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। विधायक नंद ने मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक महासमुंद को पत्र लिखकर घटना की उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने की भी मांग की है। इस दौरान विधायक चातुरी नंद के साथ आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहन लाल भोई, सरपंच सरस्वती सरोज सेठ, वरिष्ठ कांग्रेस नेता विनोद दीवान, रूपानंद पटेल, चितरंजन संवई, राधेश्याम दास, पूर्णचंद्र सेठ, टेंगनू महापात्रो, मुरलीधर पटेल, विधायक प्रतिनिधि दीपक साहू, सरपंच कुसमी सरार नीलांचल भोई, अंगद डड़सेना, प्रमोद ग्वाल, सूर्या पटेल, चतुर डड़सेना, प्रवीर बारीक, धरणीधर प्रधान, कमलेश साहू, बाल्मिकी मेहर, मोहित नंद सहित वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता और ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

जलाराम बापा की 226 वीं जयंती आज

महासमुंद। संत शिरोमणि जलाराम बापा की 226वीं जयंती आज (बुधवार) को हर्षोउल्लास के साथ गुजराती समाज महासमुंद में मनायी जाएगी। इस मौके पर विभिन्न कार्यक्रम होंगे। स्थापना पूजा सुबह 9 बजे की जाएगी। नारायण भोज 12 बजे के पश्चात सामाजिक महाप्रसादी दी जाएगी। शाम 4 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। रात्रि को राम धुन के साथ महाआरती एवं प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

सार्वजनिक जगह पर शराब सेवन, जुर्म दर्ज

बसना। बसना थाना क्षेत्र के ग्राम भंवरपुर के गढ़ मैदान के पास शराब पीने वाले के खिलाफ पुलिस ने कारवाई की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 27 अक्टूबर को मुखबिर की सूचना पर गढ़ मैदान के पास शराब का सेवन कर रहे बालकराम मुंडा पिता स्व बोधराम मुंडा 50 वर्ष निवासी सनबहाली को पकड़ा। आरोपी के कब्जे से मौके पर खाली डिस्पोजल गिलास और चखना बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत कर्रवाई की गई। जुर्म जमानतीय होने व सक्षम जमानतदार पेश करने पर आरोपी को जमानत मुचलका पर रिहा किया गया।

सीजी 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा आवेदन 31 तक

महासमुंद। दसवीं-बारहवीं सीजी बोर्ड परीक्षा 2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्राइवेट छात्र के तौर पर परीक्षा में शामिल होने 31 अक्टूबर तक आवेदन किया जा सकता है। मार्च के पहले सप्ताह से बोर्ड परीक्षा शुरू होगी। विलंब शुल्क के साथ 1 से 16 नवंबर तक फॉर्म भरे जाएंगे, जबकि विशेष विलंब शुल्क के साथ 17 से 30 नवंबर तक आवेदन किए जा सकेंगे।

छठ पूजा भारतीय परंपरा व संस्कार का अभिन्न हिस्सा : निखिलकांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छठ पूजा के पावन अवसर पर महामाया तालाब छठ घाट पहुंचकर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू भगवान सूर्य एवं छठी माई की पूजा अर्चना कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने सभी व्रतधारी माताओं, बहनों तथा समाज के लोगों को छठ पर्व की शुभकामनाएं दी। छठी मैया का आशीर्वाद लेकर उन्होंने नगरवासियों की खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि छठ पूजा सूर्य उपासना, परिवार के स्वास्थ्य और जीवन के दीर्घायु के संकल्प का प्रतीक है। हमारे देश में सनातन परम्परा आदिकाल से चली आ रही है। भारत ही ऐसा देश है, जहां इस तरह की पूजा कर माताएं-बहनें अपने पति की लंबी आयु और परिवार की सुख समृद्धि के लिये व्रत रखती हैं। यही हमारी भारतीय परंपरा और संस्कार है। माताएं-बहनें अपनी आस्था एवं संस्कारों के साथ इस पर्व को मनाती हैं। हमारी मातृशक्ति अपने परिवार के कष्टों को दूर करने और सुख समृद्धि के लिए यह व्रत रखती हैं। मैं इन माता-बहनों को नमन करता हूं। इस अवसर पर पूर्व पार्षद मनीष शर्मा, पार्षद नीरज चंद्राकर, पार्षद धनेंद्र चंद्राकर, शाहबाज राजवानी, विशाल पांडे, करणवीर यादव सहित बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

छठ पर्व

महासमुंद। छठ पर्व पर नगर के ऐतिहासिक मां महामाया मन्दिर घाट में जाकर पूजन में देवेंद्र चंद्राकर सम्मिलित हुए और लोगों से मुलाकात कर शुभकामनाएं प्रेषित की। छठी माता से नगर के सुख समृद्धि की कामना की।

छठ पर्व पर महामाया तालाब घाट पहुंचे पूर्व विधायक चोपड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा के चौथे और अंतिम दिन 'उषा अर्घ्य' पर पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा नगर की कुलदेवी मां महामाया मंदिर स्थित छठ घाट पहुंचकर उगते सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित किया। इस दौरान उन्होंने छठ व्रतियों से मुलाकात की। इस पावन बेला पर डॉ. चोपड़ा ने सूर्य देव और लोक आस्था की देवी छठी मैया से क्षेत्र के सभी निवासियों के लिए विशेष प्रार्थना की। उन्होंने सभी के जीवन में सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य, और खुशहाली बनी रहे, इसके लिए मंगलकामना की। आस्था और प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने वाले इस पर्व के दौरान डॉ. चोपड़ा ने तालाब में दीपदान भी किया।

तैयारी: कलेक्टर ने राज्योत्सव की तैयारियों का लिया जायजा

जिला मुख्यालय में तीन दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम 2 नवंबर से

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन से प्राप्त निर्देशानुसार विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस पर राज्योत्सव 2025 का आयोजन जिला मुख्यालय महासमुंद में भव्य रूप से किया जाएगा। यह तीन दिवसीय कार्यक्रम 02 नवंबर से 04 नवंबर 2025 तक मिनी स्टेडियम शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय में आयोजित होगा। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं जिला अधिकारियों ने आज शाम मिनी स्टेडियम पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया।

उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राज्योत्सव 2025 के आयोजन के लिए तत्काल आवश्यक तैयारियां प्रारंभ करें एवं आपसी समन्वय के साथ सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें। नोडल अधिकारी एवं अपर कलेक्टर के मार्गदर्शन में संपूर्ण कार्यक्रम की निगरानी की जाएगी। राज्योत्सव के दौरान शासकीय भवनों में रोशनी की जाएगी। उन्होंने आम नागरिकों को भी अपने घरों और संस्थाओं में रोशनी करने की अपील की है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, एसडीएम अक्षा गुप्ता सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कार्यक्रम के सफल संचालन एवं समुचित व्यवस्थाओं के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत महासमुंद को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है तथा समस्त विभागों को दायित्व सौंपे गए हैं। जिसमें पुलिस विभाग को कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वन विभाग को बेरिकेटिंग हेतु बांस-बल्ली व्यवस्था का दायित्व दिया गया है। जिला पंचायत एनआरएलएम शाखा, कार्यपालन अभियंता लोनिवि स्टेज निर्माण, पंडाल, बैठक व्यवस्था एवं प्रदर्शनी लेआउट का कार्य करेंगे। विद्युत विभाग द्वारा निरंतर विद्युत आपूर्ति एवं जनरेटर व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। नगर पालिका परिषद महासमुंद द्वारा अस्थायी टॉयलेट, चलित शौचालय, स्वच्छता एवं पेयजल की व्यवस्था करेंगे। स्वास्थ्य विभाग कार्यक्रम स्थल पर एंबुलेंस, प्राथमिक चिकित्सा, ओआरएस, स्ट्रेचर एवं वार्ड ब्वॉय की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। उद्यानिकी विभाग मंच सजावट की व्यवस्था करेंगे। प्रतिदिन शाम 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा।

राज्योत्सव के दौरान मिनी स्टेडियम परिसर में विभिन्न विभागों की विकासात्मक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। कृषि, उद्यानिकी, पशु चिकित्सा, मत्स्य, उद्योग, महिला एवं बाल विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, वन, खाद्य, श्रम, परिवहन, स्वास्थ्य सहित विभिन्न विभाग अपने-अपने स्टॉल में शासन की महत्वपूर्ण योजनाएं, सफल परियोजनाएं एवं 25 वर्षों की उपलब्धियां प्रदर्शित करेंगे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्यक्रम स्थल पर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। इस दौरान उन्होंने वीआईपी, मीडिया एवं आम जनता के बैठने की व्यवस्था का भी जायजा लिया।

विधायक ने अंशुला में महागणेश महायज्ञ की कलश यात्रा में निभाई भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

- विधायक डॉ संपत अग्रवाल कलश यात्रा में हुए शामिल श्रद्धालुओं साथ पैदल चल कर बजाया ढोल
- अंशुला में महागणेश महायज्ञ कलश यात्रा में लिया भाग 5000 से अधिक साधु-संतों के आगमन की दी जानकारी

बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने हाल ही में ग्राम अंशुला में आयोजित श्रीश्री 108 एकादश कुंडीय श्रीमान महागणेश महायज्ञ के भव्य कलश यात्रा में सम्मिलित होकर न केवल धार्मिक आस्था का प्रदर्शन किया, बल्कि क्षेत्रवासियों के बीच अपार उत्साह का संचार भी किया। विधायक डॉ. अग्रवाल ने इस पवित्र अनुष्ठान में शामिल होकर क्षेत्र की जनता को धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों से भावनात्मक रूप से जुड़ने का महत्वपूर्ण संदेश दिया।

इस अवसर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने इसे अपना सौभाग्य बताया कि उन्हें इस पवित्र महायज्ञ की कलश यात्रा में भाग लेने का अवसर मिला। श्रद्धा और विनम्रता के साथ विधायक ने हाथ जोड़कर सभी संतों और पूजकों का अभिवादन किया। उन्होंने केवल एक अतिथि की तरह भागीदारी नहीं निभाई, बल्कि सक्रिय रूप से श्रद्धालुओं के साथ कदम से कदम मिलाकर पैदल चलकर कलश यात्रा में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने पारंपरिक वाद्य यंत्र (ढोल) को स्वयं बजाया, जिससे कलाकारों का उत्साह और पूरी यात्रा का माहौल भक्तिमय हो गया। विधायक की यह सहज और सक्रिय भागीदारी जनता से उनके गहरे जुड़ाव को दर्शाती है।

विधायक डॉ. अग्रवाल ने इस महायज्ञ की विशेषता बताते हुए कहा कि ग्राम अंशुला में आयोजित इस श्रीमन महागणेश महायज्ञ की कलश यात्रा में सनातन परंपरा के नागा साधुओं के अखाड़ा दल द्वारा प्रदर्शित शौर्य और अध्यात्म का अद्भुत संगम देखकर मन भावविभोर हो गया। उन्होंने बताया कि यह आयोजन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और शौर्य की गौरवशाली परंपरा का प्रदर्शन भी है। उन्होंने यह महत्वपूर्ण जानकारी भी दी कि इस विशाल आयोजन में कम से कम 5000 से 6000 साधु-संत आने वाले हैं, जिसके लिए एकादश कुंडीय महायज्ञ का आयोजन किया गया है। इस धार्मिक आयोजन के माध्यम से विधायक डॉ. अग्रवाल ने समस्त क्षेत्रवासियों के लिए सुख, समृद्धि और मंगल की कामना की।

कलश यात्रा में बड़ी संख्या में क्षेत्र की महिलाओं और श्रद्धालुओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर भाग लिया, जो नारी शक्ति और आस्था की प्रतीक बनी। विधायक डॉ. अग्रवाल की सक्रिय भागीदारी ने न केवल आयोजन की गरिमा को बढ़ाया, बल्कि यह भी स्थापित किया कि वे जनता से जुड़े हर सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक अनुष्ठान को अत्यंत महत्व देते हैं।

चक्रवाती बारिश से धान फसल खराब, किसान परेशान

नर्रा। चक्रवात मोंथा के कारण तटीय इलाकों के अलावा ओड़िशा, पश्चिम बंगाल और आंध्र में रेड अलर्ट होने के कारण बेमौसम बारिश से धान की फसलों पर असर पड़ रहा है। ओडिशा सीमा से लगे नर्रा क्षेत्र के गांवों में चक्रवात मोंथा के कारण सोमवार शाम को हवा के साथ तेज बारिश हुई। बताया जाता है कि बेमौसम बारिश से खरीफ फसल को नुक़सान होने की संभावना है। हवा से खड़ी फसल के गिरने से उत्पादन में कमी, धान बदरा होने की खतरा बढ़ गया है। वहीं मंगलवार को दिनभर हवा चलता रहा और आसमान पर बादल छाये रहे। रुक रुक कर हल्की बारिश होती रही। इससे छोटे किस्म अर्ली वैरायटी फसल की कटाई बाधित रहा। इन दिनों क्षेत्र में धान की कटाई जोर शोर से चल रहा था। बारिश होने से कटाई किए गए फसल खेत पर भींग गए, इससे अन्नदाता चिंतित व परेशानी बढ़ गई है। किसान फसल को खलियान में रखा है। बारिश से बचाने पॉलीथिन तिरपाल कवर ढंका गया है। खेत गीली व नमी होने से मिंजाई कर घर लाने में परेशानी हो रही है। किसान खेत को सूखने का इंतजार कर रहे है। किसानों का कहना है कि हवा के साथ झमाझम बारिश हुई, इससे खड़ी फसल गिरने से उत्पादन में कमी और बदरा होने की खतरा बढ़ गया है। दूसरी ओर कीट प्रकोप लगने का खतरा है।

ओडिशा उपचुनाव के तहत टेमरी में चुनाव कार्यालय का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सीमावर्ती ग्राम टेमरी में ओडिशा उपचुनाव के तहत भारतीय जनता पार्टी द्वारा चुनावी कार्य के सुचारू संपादन के लिए चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी थीं। इस दौरान ओडिशा प्रवास पर रहे छत्तीसगढ़ बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष (राज्यमंत्री) चंद्रहास चंद्राकर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। साथ ही ओडिशा प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल, राजिम विधायक रोहित साहू, पूर्व विधायक पिंकी ध्रुव, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, मोनिका साहू, नरेश चंद्राकर व सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में कार्यालय का शुभारंभ अतिथियों ने पूजा-अर्चना कर की। नेताओं ने कहा कि मतदाताओं को जागरूक करने, मतदान में पारदर्शिता लाने तथा पार्टी के प्रचार-प्रसार हेतु कार्यालय का शुभारंभ किया गया है। हम सभी का दायित्व है कि लोकतंत्र के इस प्रमुख पर्व पर हर मतदाता अपने मताधिकार का स्वतंत्र रूप से प्रयोग करें।

परिवार में सबसे मुश्किल है, बच्चों को अच्छे संस्कार देना : तुषार

महासमुंद। ग्राम पासिद में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। इस दौरान तुषार ने कहा कि परिवार में सबसे मुश्किल है, बच्चों को अच्छे संस्कार देना। काफी लोग बच्चों के लिए सभी सुविधाएं और साधन उपलब्ध करा देते हैं, बच्चों पर पूरा स्नेह लुटा देते हैं, फिर भी कई लोग अपनी संतान को अच्छे संस्कार नहीं दे पाते हैं। बच्चे माता-पिता के प्रेम का लाभ उठाता हैं तो गलती माता-पिता की ही होती है। बच्चों को पूरा दोष देना गलत होता है। ये बात पूरी तरह गलत है कि बच्चों को संस्कारी और योग्य बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा संसाधनों और पूंजी की जरूरत होती है। अभाव में भी संतानों को योग्य बनाया जा सकता है। महाभारत में दो तरह की संतानें हैं। पहला कौरव जो पूरे जीवन राजमहलों में रहे, सुविधाएं भोगी। दूसरे पांडव जिनका जन्म और लालन-पालन जंगल में हुआ। पांडव और माद्री के देह त्यागने के बाद कुंती ने पांडवों को जंगल में अकेले पाला। वो सारे संस्कार दिए जो कौरवों में राजकीय सुविधाओं के बावजूद नहीं थे। दुर्योधन और उसके 99 भाई, सभी कुसंस्कारी निकले। लेकिन युधिष्ठिर और उसके चारों भाई धर्मात्मा थे। कुंती ने अकेले उनको वो संस्कार दिए जो कौरवों को महल में भीष्म सहित सारे कौरव परिजन मिलकर भी नहीं दे पाए। अगर आप ये सोचते हैं कि सुविधाओं से बच्चों में संस्कार आते हैं तो यह गलत है। संस्कार हमारे विचारों से आते हैं। हम हमेशा सिर्फ सुविधाओं की ना सोचें, कभी-कभी उन्हें अभावों में भी रखने का प्रयास करें, लेकिन अभावों में सुविधाओं के स्थान पर आपका प्यार और संस्कार बच्चों के साथ होना चाहिए। फिर कभी संतानें भटकेंगी नहीं, उनका जीवन सुधर जाएगा और वे हमेशा सुखी रहेंगे।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महासमुंद, जिला महासमुंद (छ.ग.)

क्रमांक /394/ वा.-1/अविअ. /2025
महासमुंद, दिनांक 16/10/2025
ग्राम- छिन्दपान, प.ह.नं. 22
झरना साहू पति लेखराम साहू, जाति तेली निवासी ग्राम झलप तहसील या जिला महासमुंद (छ.ग.) ..आवेदिका
विरुद्ध
छ.ग. शासन ..... अनावेदक

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्राम- छिन्दपान, प.ह.नं. 22 तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.) को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका झरना साहू पति लेखराम साहू, जाति तेली निवासी ग्राम झलप तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.) द्वारा ग्राम छिन्दपान, प.ह.नं. 22, तहसील व जिला महासमुंद में स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नम्बर 221/23 रकबा 0.0153 हे भूमि को कृषि भिन्न मद आवासीय प्रयोजन में पुनर्निर्धारण हेतु भूमि का व्यपवर्तन कराने आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है।

अतएव आवेदक/ आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदनभूमि व्यपवर्तन के संबंध में जिस किसी को भी कोई उजर, दावा, आपत्ति हो तो ईश्तहार जारी दिनांक से 07 दिवस के भीतर कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर स्वतः अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा के साथ ईश्तहार ग्राम एवं स्थानीय समाचार में प्रकाशन हेतु जारी।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.), महासमुन्द

अमेरा और उखरा की गलियों में भालू विचरण, ग्रामीणों में दहशत

नर्रा। कोमाखान तहसील के ग्राम उखरा और अमेरा में भालू की दस्तक से ग्रामीणजनों में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि एक माह से अधिक हो गए, रोज रात में भालू गांव के गली मोहल्लों में विचरण करता है। इससे ग्रामीणों में भय व्याप्त है। रात 8 बजते ही गांव वीरान हो जा रहा है। शाम होते ही भालूओं का दल गांव में प्रवेश करता है। बोइरगांव एवं कसेकेरा पहाड़ी से कुछ ही दूर में लगे होने से वनप्राणी जंगल से गांव की ओर पहुंच रहे हैं।

रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल के छात्रों ने शतरंज में किया नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जीएस रायसोनी मेमोरियल वन डे रैपिड जिला शतरंज टूर्नामेंट पिथौरा 2025 में रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल के छात्रों ने नाम गर्व से रोशन किया है। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट जिला शतरंज एसोसिएशन, महासमुंद, जीएच रायसोनी स्पोर्ट्स एंड कल्चरल फाउंडेशन और कल्पना प्रकाश वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में 27 अक्टूबर 2025 को आयोजित किया गया था। इस टूर्नामेंट में हमारे होनहार छात्रों ने अपनी अद्वितीय प्रतिभा और कड़ी मेहनत का प्रदर्शन करते हुए अनेक उपलब्धियां हासिल कीं। मोक्ष शर्मा (कक्षा 5) को बेस्ट यंग प्लेयर अवार्ड से नवाजा गया। इसी प्रकार प्रखर मिश्रा (कक्षा 6) ने अंडर-11 कैटेगरी में दूसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने मोक्ष शर्मा और प्रखर मिश्रा की इस उपलब्धि पर गर्व जताया है। विद्यालय की प्राचार्या पूजा शर्मा ने दोनों विद्यार्थियों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में ये नन्हें खिलाड़ी और भी ऊंचाइयां छुएंगे और विद्यालय तथा जिले और राज्य का नाम रोशन करेंगे।

SHRI KHATU SHYAM JYOTISH

15 वर्षों से आपकी सेवा में

जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री

हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

ऑफिस आने पर मात्र ₹101/- फोन से परामर्श केवल ₹251/-

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान

पं. एस. के. शास्त्री
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।
मिलने का समय : सुबह 9 से शाम 7 बजे तक

पोलसाय पारा चौक के पास, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +919755964567

शतरंज सही समय पर सही निर्णय लेना सिखाता है: स्वप्निल

पिथौरा में वन डे रैपिड चेस टूर्नामेंट का समापन, विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा (ग्रामीण)

उजाला पैलेस पिथौरा में आयोजित एचजी रायसोनी मेमोरियल वन डे रैपिड चेस टूर्नामेंट का समापन गरिमामय माहौल में हुआ। यह प्रतियोगिता जीएच रायसोनी स्पोर्ट्स एंड कल्चर फाउंडेशन एवं कल्पना प्रकाश वेलफेयर फाउंडेशन के विशेष सहयोग से हुई। समापन समारोह के मुख्य अतिथि स्वप्निल तिवारी जिलाध्यक्ष श्रमजीवी पत्रकार संघ महासमुंद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. डीएन साहू अध्यक्ष जिला शतरंज संघ महासमुंद ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में विजय नायक जिला उपाध्यक्ष भाजपा मोर्चा, विजय राज पटेल मंडल अध्यक्ष, युवा मोर्चा भाजपा एवं बीजू पटनायक कोषाध्यक्ष, जिला शतरंज संघ उपस्थित रहे।

पुरस्कृत खिलाड़ी ओपन वर्ग में

पहला मनीष थदानी (महासमुंद) 9100 रुपए व ट्रॉफी, दूसरा प्रियांशु पटले (महासमुंद) 7100 व ट्रॉफी, तीसरा युग विजय साहू (महासमुंद) 5100 व ट्रॉफी, चौथा अखिलेश कुमार कर (बसना) 3100 व मोमेंटो, पांचवां श्याम सुंदर दुबे (पिथौरा) 1100 व मोमेंटो, छठवां से दसवां स्थान में रविंद्र ग्वाल (बसना), राजेश गिरी गोस्वामी (सरायपाली), केशर भोई (पिथौरा), विपिन कुमार साहू (महासमुंद) एवं कोमल ध्रुवंशी (बागबाहरा) प्रत्येक को 500 रुपए का पुरस्कार। विशेष पुरस्कार बेस्ट फीमेल में संजीता साहू (पिथौरा) 1000 रुपए, यंगेस्ट प्लेयर मोक्ष शर्मा (महासमुंद) 500 व ट्रॉफी, बेस्ट वेटरन दिनेश कुमार कर (बसना) 500 रुपए व ट्रॉफी। आयु वर्ग अनुसार विजेताओं में अंडर-11 में प्रणव साहू (बसना), प्रखर मिश्रा (महासमुंद), अंडर-13: आशी सतपथी (सरायपाली), होशिका पटेल (पिथौरा), अंडर-15 में दीपांशु पटले (महासमुंद), ईशान भोई (सरायपाली) शामिल। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी एवं व्याख्याता अखिलेश कर तथा आभार प्रदर्शन जिला शतरंज संघ के सचिव एवं कार्यक्रम संयोजक हेमंत खुटे ने किया। मुख्य अतिथि स्वप्निल तिवारी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि शतरंज का खेल सही समय पर सही निर्णय लेना सिखाता है। इसलिए हर खिलाड़ी को इस खेल से जुड़ा रहना चाहिए। उन्होंने टूर्नामेंट डायरेक्टर हेमंत खुटे की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने शतरंज को जिले से आगे बढ़ाकर पूरे छत्तीसगढ़ में नई पहचान दिलाई है। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. डीएन साहू ने कहा कि जिला शतरंज संघ निरंतर खिलाड़ियों को बड़ा मंच उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जिले के खिलाड़ी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर महासमुंद का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम के दौरान रॉकी देवांगन को हाल ही में विश्व शतरंज महासंघ द्वारा अंतरराष्ट्रीय निर्णायक की उपाधि प्राप्त करने पर शाल, श्रीफल एवं मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया।

चर्चा : समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने दिए आवश्यक निर्देश

कलेक्टर ने राज्योत्सव, धान खरीदी एवं विकास योजनाओं की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

राज्योत्सव, धान खरीदी, विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा करते हुए कलेक्टर विनय लंगेह ने मंगलवार को समय सीमा की बैठक के दौरान अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के लिए निर्देशित किया।

कलेक्टर लंगेह ने राज्योत्सव की तैयारी की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ स्थापना के 25 वर्ष की उपलब्धियों को दर्शाते हुए विभागीय स्टॉल लगाए जाएंगे। कलेक्टर ने कृषि, उद्यानिकी, पशु चिकित्सा, मत्स्य, उद्योग, महिला एवं बाल विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, वन, खाद्य, श्रम, परिवहन, स्वास्थ्य सहित अन्य विभागों को शासन के विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं एवं सफल परियोजनाओं का प्रदर्शन करने एवं विगत वर्षों की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा, मंच व्यवस्था एवं सामग्री वितरण सूची शीघ्र तैयार की जाए। ताकि, आयोजन उत्कृष्ट और अनुकरणीय हो।

कलेक्टर ने कहा कि 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ होगी। इसके लिए 16 चेक पोस्ट बनाए गए हैं। ताकि, अवैध परिवहन और ओड़ीशा से धान के आवक पर नियंत्रण रखा जा सके। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरे चालू स्थिति में रहें, टीमें नियमित रूप से मॉनिटरिंग करें और धान खरीदी नीति के 29 बिंदुओं की चेक लिस्ट अनुसार तैयारी सुनिश्चित करें। अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तत्काल प्रारंभ किया जाए एवं आवश्यक निगरानी की जाए। जिन अधिकारियों की ड्यूटी लगी है उन्हें तैनात किए जाए। कलेक्टर ने कहा कि सभी तहसीलदार अवैध परिवहन करते पाए जाने पर वाहन सीज करें और प्रकरण दर्ज करें। उन्होंने एग्रीस्टेक पोर्टल पर शेष किसानों के पंजीयन को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। ज्ञात है कि 31 अक्टूबर पंजीयन की अंतिम तिथि है, गिरदावरी सत्यापन के लिए जिन अधिकारियों की ड्यूटी लगी है, उन्हें आगामी दो दिवस में आबंटित सभी खसरों का सत्यापन करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने कहा कि जिले में शेष आवासों को पूर्ण करने तथा लंबित स्वीकृतियां शीघ्र जारी करने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला गैस योजना के तहत जिले को नवीन 5360 का स्वीकृति प्राप्त हुआ है। उन्होंने सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों के अनुसार खाद्य विभाग को आबंटन की प्रक्रिया आगामी 15 दिनों में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग को अधिक से अधिक हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाने के लिए प्रेरित करने कहा। कलेक्टर लंगेह ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों के आधार आईडी निर्माण हेतु शिविर आयोजित किए जाएं। ताकि, किसी भी छात्र को शैक्षणिक योजनाओं के लाभ से वंचित न रहना पड़े। उन्हें पहले से सभी डॉक्यूमेंट की जानकारी देने निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि अपार आईडी के लिए आज से शिविर लगाया जा रहा है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से आवश्यक दस्तावेज साथ रखने के लिए सभी बीईओ को निर्देशित किया है।

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के तहत सभी ईआरओ को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं जारी समय सारणी के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि जिले में भी पुनरीक्षण कार्यक्रम प्रारंभ होगा। इसके लिए आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ राज्य में आज से प्रारंभ होगा।

कलेक्टर ने कहा कि इस प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य पात्र मतदाता छूट न पाएं और अपात्र मतदाता शामिल न हों। जारी कार्यक्रम के तहत 3 नवंबर तक प्रशिक्षण कार्यक्रम, 4 नवंबर से 4 दिसम्बर तक घर-घर सत्यापन, 9 दिसम्बर को मतदाता सूची का प्रकाशन, 8 जनवरी 2026 तक दावा-आपत्ति दर्ज किया जाएगा। 31 जनवरी तक सुनवाई और सत्यापन तथा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी, सभी विभाग के जिला अधिकारी जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ सहित वीसी के माध्यम से सभी ब्लॉक स्तरीय संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने जन चौपाल में सुनी आम जनों की समस्याएं, दिए निराकरण के निर्देश

महासमुंद। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जन चौपाल में जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की समस्याएं एवं शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुना। जन चौपाल में 74 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर लंगेह ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों से जनसामान्य यहां आते हैं, उनकी समस्याओं का निराकरण कर उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित करना है। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने निर्देशित किया। जन चौपाल में ग्राम राजसवैया खुर्द निवासी रिद्धि नायक ने अपने पुत्र के बोन मेरो ट्रांसप्लांट को चिरायु योजना के तहत निःशुल्क इलाज हेतु आवेदन किया। इसी तरह ग्राम भोरिंग महासमुंद निवासी तोषण लाल साहू ने धान विक्रय के लिए पंजीयन, ग्राम बुंदेली में शासकीय भूमि में अवैध कब्जे की जांच के लिए, ग्राम फरसाडीह निवासी तामध्वज माहरा द्वारा एग्रीस्टैक कृषक आईडी बनवाने में हो रही समस्या के लिए, महासमुंद के रामाधीन साहू द्वारा विकलांग पेंशन हेतु, ग्राम खैरटखुर्द बाघमुड़ा के निवासियों ने नवीन उपार्जन केंद्र हेतु आवेदन किए। इसके अलावा लंबित राशि भुगतान, श्रमिक पंजीयन कार्ड संशोधन, अवैध शराब बिक्री, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, वन अधिकार पट्टा, सीमांकन, बंदोबस्त त्रुटि सुधार संबंधी आवेदन प्राप्त हुए, जिस पर कलेक्टर ने उचित कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

रैपिड शतरंज प्रतियोगिता में प्रियांशु व दीपांशु बने विजेता

महासमुंद। जीएस राय सोनी एवं जिला शतरंज संघ के तत्वाधान में एक दिवसीय रैपिड शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन उजाला पैलेस पिथौरा में किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 80 प्रतिभागियों ने भाग लिया। महासमुंद जिले के प्रियांशु पटले ने इस प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिसमें उन्हें ट्रॉफी व 7100 का नगद पुरस्कार प्राप्त हुआ। वहीं इनके छोटे भाई दीपांशु पटले ने अंदर (अंडर-15) में चैंपियन प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रियांशु पटले एनआईटी रायपुर से बीटेक में अध्ययनरत है। वही दीपांशु पटेल केंद्रीय विद्यालय महासमुंद में कक्षा नवमी में अध्ययनरत है। प्रियांशु व दीपांशु नेशनल आर्बिटर एवं ब्रिलिएंट चेस अकादमी के संचालक संदीप पटले, गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज में कार्यरत पूनम पटले के पुत्र है। दोनों पुत्रों के इस शानदार प्रदर्शन के लिए महासमुंद जिले के खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, छत्तीसगढ़ शतरंज संघ के विनोद राठी, छत्तीसगढ़ शतरंज संघ के सचिव हेमंत खुटे, फीडे आर्बिटर राकी देवांगन, कमलकांत लोधी, सपना अंकुर मेश्राम, संगीता नीलेश सोनपिपरे, तिलक साव, गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्या चंद्रिका विश्वकर्मा, केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य व समस्त शिक्षकों ने हर्ष जताया है।

खबर संक्षेप

मनवा कुर्मी समाज का हुआ दीपावली मिलन

महासमुंद। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज नगर इकाई महासमुंद द्वारा डॉ खूबचंद बघेल सामुदायिक भवन दलदली रोड महासमुंद में दीपावली मिलन का कार्यक्रम हुआ। जिसमें मां लक्ष्मी की छायाचित्र पर माल्यर्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन किया गया। कार्यक्रम में नगर इकाई अध्यक्ष उत्तम वर्मा ने हिंदुओं के प्रमुख त्यौहार दीपावली पर प्रकाश डालते हुए पारंपरिक रूप से दीपावली त्यौहार के सभी 5 दिवस पर किए जाने वाले पूजन कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बात की। कार्यक्रम के अंत में सभी स्वजातीय जनों के सुख समृद्धि एवं स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए एक दूसरे को तिलक वंदन कर दीपावली पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिला अध्यक्ष पानू वर्मा, सरला वर्मा, किरण वर्मा, सुमन बघमार, डीपी वर्मा, उपेंद्र बघमार, भगवती प्रसाद कश्यप, ललित वर्मा,भुवन वर्मा, नीरज वर्मा, शांतनु वर्मा, राजेंद्र वर्मा, रामदयाल वर्मा, बलदाऊ प्रसाद परगनिहा उपस्थित रहे।

निःशुल्क होम्यो चिकित्सा शिविर कल

महासमुंद। स्वास्थ्य आपके द्वार के तहत नगर के होम्योपैथिक डाक्टरों द्वारा निःशुल्क होम्योपैथी परामर्श और उपचार शिविर का आयोजन 30 अक्टूबर गुरुवार को समय प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक महिला समाज भवन स्टेशन रोड महासमुंद में रखा गया है। निःशुल्क शिविर के विषय में वरिष्ठ होम्योपैथ डॉ एमएल गोलदार ने बताया कि लोगों में होम्योपैथिक चिकित्सा से विभिन्न असाध्य रोगों का उपचार के प्रति विश्वास जागृत करना और होम्योपैथिक उपचार अपनाने हेतु प्रेरित करना है। इस निःशुल्क शिविर में उनके साथ अलग अलग रोग विशेषज्ञ मौजूद रहेंगे। जिसमें प्रमुख रूप से डॉ एमएल गोलदार (डीएचएमएच) पुराना एवं जटिल रोग चिकित्सक, डॉ मीनाक्षी कश्यप (बीएचएमएच) स्त्री रोग चिकित्सक, डॉ अजय तिवारी (डीएचएमएच) सामान्य रोग चिकित्सक, डॉ अभिषेक साहू (बीएचएमएच) सामान्य रोग चिकित्सक एवं सहयोगी चिकित्सक - वीपी मिश्रा उक्त दिवस सेवा प्रदान करेंगे।

निधन

ओंकार प्रसाद चंद्राकर

महासमुंद। ग्राम पंचायत कांपा के पूर्व सरपंच पसवानी निवासी ओंकार प्रसाद चंद्राकर (65) का निधन हो गया है। वे आकाश चंद्राकर और अभिषेक चंद्राकर के पिता व पवन चंद्राकर राजू चंद्राकर के भाई थे। अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया।

बलदाऊ साहू

महासमुंद। ग्राम बम्हनी निवासी बलदाऊ साहू का सोमवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम बम्हनी में किया गया। वे शकुन साहू के पति व ओमप्रकाश साहू के पिता एवं पवन, दऊवा, सुकालू और पुरूषोत्तम साहू के भाई थे।

जानकी श्रीवास्तव

महासमुंद। शहर के क्लब पारा निवासी श्रीमती जानकी श्रीवास्तव का मंगलवार को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार 28 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे स्थानीय भलेसर रोड स्थिति श्मशान घाट में हुआ। वे विजय श्रीवास्तव और विपिन श्रीवास्तव की माता थीं।

आगमन

महासमुंद। सोमवार को कांग्रेस भवन में ओडिशा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व केंद्रीय मंत्री भक्तचरण दास का आगमन हुआ। जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर के नेतृत्व में उनका स्वागत हुआ। इस दौरान प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक राम ध्रुव, पूर्व जिलाध्यक्ष मोहित ध्रुव, शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल, ग्रामीण अध्यक्ष ढेलू निषाद, जिला कोषाध्यक्ष निर्मल जैन, अंकित बागबाहरा, राहुल इंदुरिया, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस प्रदेश सचिव प्रदीप चंद्राकर, नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू, शहबाज राजवानी, सृष्टि ध्रुव, बसंत चंद्राकर, भानू सोनी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

छग महतारी की प्रतिमा खंडित करने वालों पर हो कड़ी कार्रवाई

महासमुंद में भी बाहरी लोगों की बढ़ रही संख्या, वेरिफिकेशन की दरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- राजधानी रायपुर में मूर्ति तोड़े जाने की घटना निंदनीय

राजधानी रायपुर के हृदय स्थल पर छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़े जाने की घटना की कड़ी निंदा करते हुए भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक देवेंद्र चंद्राकर ने दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग सरकार से की है। देवेंद्र ने कहा कि यह प्रतिमा सिर्फ पत्थर का टुकड़ा नहीं, हमारे सम्मान, हमारी संस्कृति का केंद्र बिंदु है। प्रदेश में लगातार बाहरी लोगों की आमद बढ़ती जा रही है। प्रशासनिक उदासीनता के चलते अवैध तत्वों पर कार्रवाई नहीं हो पा रही है। आज राजधानी में हमारी आस्था की प्रतीक छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा को तोड़े जाने की घटना भी इसी का परिणाम है। भाजपा की सरकार छत्तीसगढ़ सहित सभी प्रदेशों के संस्कृति, पर्वों को सम्मान देने वाली सरकार है। छठ पूजा पर्व के सम्मान में भोजपुरी समाज के आस्था का सम्मान करते हुए प्रदेश सरकार ने शासकीय अवकाश घोषित किया है। ऐसे सुशासन की सरकार में बाहरी असामाजिक तत्वों द्वारा प्रतिमा तोड़ने की घटना निंदनीय है। यह घटना प्रशासनिक लापरवाही का परिचायक है। शासन के निर्देश के बाद भी प्रशासनिक अधिकारी मनमानी कर रहे हैं। पुलिस पेट्रोलिंग के अभाव में यह घटना हुई। यदि लगातार गश्त होता तो इस घटना नहीं होती। एक आरोपी को पकड़ने की सूचना मिल रही है, लेकिन, यह नाकाफी है। इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो, इसका ध्यान रखना आवश्यक है।

देवेंद्र ने कहा कि सरकार की छवि धूमिल करने की साजिश के तहत इस तरह के वारदातों को बाहरी लोगों द्वारा अंजाम दिया जा रहा है। उन्होंने मांग की है कि पूरे प्रदेश सहित छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों के शहरी क्षेत्रों में बाहरी लोगों का वेरिफिकेशन होना चाहिए। प्रदेश सहित महासमुंद शहर में भी नयापारा, सुभाष नगर जैसे इलाकों में बाहरी लोगों की संख्या बढ़ रही है। नयापारा के अटल आवास में तो बाहरी लोगों की पूरी तरह कब्जा हो चुका है। नगर पालिका प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन का इस ओर ध्यान नहीं है। शहर में चोरी, चाकूबाजी, मारपीट जैसे घटनाओं में वृद्धि हो रही है। इसका कारण भी ये बाहरी लोग ही हैं। सोरिद रोड तथा दलदली रोड में रात में आवागमन करने वालों से ये बाहरी तत्व लूटमार जैसे घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। यदि शीघ्र ही समय रहते इन पर कार्रवाई नहीं हुई तो महासमुंद शहर एक बड़ा क्राइम जोन बनकर उभरेगा, जिसका जिम्मेदार स्थानीय प्रशासन रहेगा।

वोट चोर-गद्दी छोड़ अभियान, हर वोट की कद्र जरूरी : भूपेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

लोकतंत्र की जड़ें तब मजबूत होती हैं जब हर नागरिक का वोट सुरक्षित और सम्मानित हो। इसी भावना के साथ बागबाहरा क्षेत्र में आज एक ऐतिहासिक जनआंदोलन देखने को मिला। शहर कांग्रेस कमेटी बागबाहरा के नेतृत्व में हजारों की संख्या में नागरिकों ने वोट चोर गद्दी छोड़ शीर्षक वाला फॉर्म भरकर महासमुंद जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर को सौंपा।

यह फॉर्म शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर के नेतृत्व में जनता से भरे गए, जिनमें मतदाता सूची में की जा रही अनियमितताओं और मताधिकार से वंचित करने की घटनाओं के खिलाफ आवाज बुलंद की गई। फॉर्म में नागरिकों ने कहा कि हम भारत के नागरिक, मतदाता सूची में हेरफेर और मताधिकार से वंचित करने की प्रथा को समाप्त करने की मांग करते हैं। हमारा लोकतंत्र हर वोट की शक्ति पर टिका है और यह नींव अब खतरे में है। लोगों का कहना है कि विभिन्न विधानसभाओं में मतदाता सूचियों में लाखों अधूरी प्रविष्टियां, डुप्लीकेट नाम और सैकड़ों समुदायों के नामों का योजनाबद्ध तरीके से विलोपन किया गया है। इन प्रथाओं को जनता ने वोट चोरी यानी जनता की आवाज की चोरी करार दिया है।

हर वोट की कद्र जरूरी: भूपेंद्र

इस अवसर पर बागबाहरा शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह आंदोलन किसी पार्टी या व्यक्ति के खिलाफ नहीं बल्कि लोकतंत्र की आत्मा की रक्षा के लिए है। जब लाखों लोगों के नाम बिना कारण मतदाता सूची से हटा दिए जाते हैं, तब यह सिर्फ वोट नहीं बल्कि जनता की आवाज की चोरी है। उन्होंने आगे कहा कि वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान का उद्देश्य जनता को जागरूक करना और चुनाव आयोग पर पारदर्शिता के लिए दबाव बनाना है। ठाकुर ने कहा कि हम चाहते हैं कि हर नागरिक का नाम सूची में दर्ज हो, कोई भी मतदाता अपने अधिकार से वंचित न रहे। अगर वोट की नींव हिल गई, तो लोकतंत्र की पूरी इमारत ढह जाएगी।